बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-414
16/08/2020

मुख्यमंत्री ने स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 16 अगस्त 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उच्च राजनीतिक मूल्यों एवं आदर्शों की बदौलत सार्वजनिक जीवन में उच्चस्थ शिखर को प्राप्त किया। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की बदौलत राजनीतिक सीमाओं के परे सभी विचारधारा के राजनीतिक दलों का आदर एवं सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने अपने जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि उन्हें श्रद्धेय अटल जी के साथ काम करने का मौका मिला और सदैव उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन मिलता रहा।

******